(Dy. No. 14/18/2)

Remodeling of Bidola Minor

***92 Smt. KIRAN CHOUDHRY (Tosham):**

Will the Chief Minister pleased to state:-

a) whether it is a fact that the Government has been failed to execute the remodelling work of Bidola Minor due to conflict between Forest and Irrigation Department;

b) whether it is also a fact that the people of villages Pataudi Khurd, Badalwala and Bidola are facing scarcity of drinking water; and

c) if so, the reasons thereof togetherwith the concrete plan for remodelling of Bidola Minor which is still pending for the last 2 years ?

Sh. Manohar Lal, Chief Minister, Haryana

a) Sir, Badola Minor off-takes at RD 22000-L of Sandwa Distributary. The length of Badola Minor is 21000 feet. 70% work of remodeling work of Badola Minor has been completed at site and only 30% work in head reach is not undertaken due to non receipt of forest clearance.

b) No, Sir.

c) Sir, the trees have grown in the water way, bank, dowel and service road of the channel in head reaches and there is no working space on service road for shifting of the construction material and machinery etc. for the rehabilitation work of the channel. Accordingly, the case of diversion of 0.892 hectare forest land was got cleared by the Ministry of Environment, Forest & Climate Change, Govt of India on dated 31/10/2023. Further, the case for deposition of payment of Rs. 1,82,99,832/- for Stage-II approval is under process. Work will be resumed by 31/05/2024 and will be completed by 30/09/2024.

(Dy. No. 14/18/2)

बिडोला माइनर का पुनर्निर्माण करना

***92 श्रीमती किरण चौधरी (तोशाम):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि सरकार वन एवं सिंचाई विभाग के बीच टकराव के कारण बिडोला माइनर के पुनर्निर्माण के कार्य का निष्पादन करने में विफल रही है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि गांव पटौदी खुर्द, बादलवाला तथा बिडोला के लोगों को पीने के पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है; तथा

(ग) यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा बिडोला माइनर के पुनर्निर्माण की ठोस योजना क्या है, जोकि पिछले 2 वर्ष से अब तक लम्बित पड़ी है ?

श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री, हरियाणा

(क) श्रीमान जी, बडोला माइनर संडवा डिस्ट्रीब्यूटरी की बुर्जी संख्या 22000–बांए से निकलती है। बडोला माइनर की लंबाई 21000 फीट है। बडोला माइनर के पुनर्वास का कार्य 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है और हैड रीच में केवल 30 प्रतिशत कार्य वन मंजूरी न मिलने के कारण नहीं किया गया है।

(ख) नहीं, श्रीमान जी ।

(ग) श्रीमान जी, नहर के हैड रीच के जलमार्ग, किनारे, डौवेल और सर्विस रोड पर पेड़ उग आए हैं और पुनर्वास कार्य के लिए निर्माण सामग्री और मशीनरी आदि को स्थानांतरित करने के लिए सर्विस रोड पर कोई काम करने की जगह नहीं है। तदनुसार, 0.892 हेक्टेयर वन भूमि के डायवर्ज़न के मामले को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 31.10.2023 को मंजूरी दे दी गई थी। इसके अलावा, चरण–II की स्वीकृति हेतु 1,82,99,832/– रुपये के भुगतान का मामला प्रक्रियाधीन है। यह कार्य 31.05.2024 तक फिर से शुरू किया जाएगा और 30.09.2024 तक पूरा कर लिया जाएगा।